कार्यालय जिला पंचायत नारायणपुर, जिला नारायणपुर

दूरभाष : 07781-252288, फैक्स : 252286, Email : ceozpnarayanpur@gmail.com

//विज्ञापन//

क्रमांक/जि.पं./स्टेनो/2019/1742 नारायणपुर, दिनांक 12.06.2019

कार्यालय जिला पंचायत नारायणपुर अंतर्गत संचालित महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना हेतु जिला पंचायत में रिक्त सहायक परियोजना अधिकारी के 1 पद (अनारक्षित) की पूर्ति हेतु दिनांक 27.06.2019 तक कार्यालयीन दिवस एवं समय में आवेदन आमंत्रित किए जाता है। पद का विवरण निम्नानुसार है :–

क्र.	पद का नाम	संविदा वेतन	योग्यता	मेरिट हेतु अंक का निर्धारण	
				विवरण	अंक
1	सहायक परियोजना अधिकारी	36465/– एकमुश्त प्रतिमाह	प्रथम श्रेणी में स्नातकोत्तर	स्नातकोत्तर में प्राप्त प्रतिशत पर 100 अंको का Weightage देते हुए	70
				कम्प्यूटर प्रायोगिक परीक्षा पर	15
				शासकीय ग्रामीण विकास योजनाओं में समान कार्य अथवा समान वेतनमान पर कार्य अनुभव	
				न्यूनतम 1 से 2 वर्ष तक का अनुभव	5
				5 वर्ष तक का अनुभव	10
				5 वर्ष से अधिक का अनुभव	15

नियम एवं शर्तें –

1. निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र बंद लिफाफे में, पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत नारायणपुर, छ0ग0 के नाम से दिनांक 27.06.2019 तक कार्यालयीन दिवस एवं समय पर प्राप्त किए जाएंगे। व्यक्तिगत रूप से सीधे आवेदन स्वीकार्य नहीं होंगे। समय–सीमा पश्चात् प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।
2. आयु न्यूनतम 21 वर्ष एवं अधिकतम 35 वर्ष। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा आयु सीमा में छूट के संबंध में छत्तीसगढ़ निवासियों एवं विभिन्न वर्गों के लिए समय–समय पर जारी निर्देश के अनुरूप छूट की पात्रता होगी। आयु की गणना 01 जनवरी 2019 के आधार पर की जाएगी।
3. सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी स्थायी जाति प्रमाण पत्र ही मान्य किया जाएगा। स्थायी जाति प्रमाण पत्र एवं उसके संबंध में शपथ पत्र संलग्न करना होगा।
4. आवेदक को छ.ग.राज्य का मूल निवासी होना अनिवार्य है एवं सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी निवास प्रमाण पत्र संलग्न किया जाना होगा।
5. आवेदन में आवेदक का फोटो एवं समस्त प्रमाण पत्र तथा अंकसूची स्व – प्रमाणित सत्यापित होना आवश्यक है। प्रमाणित नहीं पाए जाने पर आवेदन निरस्त माना जाएगा।

ddrive/sameer/faridi/2019

6. संविदा नियुक्ति 28 फरवरी 2020 तक के लिए होगी। तत्पश्चात् आवश्यकता होने पर कार्य योग्यता, कार्यक्षमता एवं व्यवहार के आधार पर शासन के निर्देशानुसार दोनों पक्षों की सहमति से कार्य अवधि 1 वर्ष के लिए निरंतर रखे जाने पर विचार किया जा सकता है।
7. यह नियुक्ति सामान्य प्रशासन विभाग के ज्ञापन क्रमांक एफ 9–1/2012/1–3 दिनांक 31 दिसंबर 2012 के अनुसार संविदा नियुक्ति के संबंध में समस्त शर्तें लागू होगी।
8. संविदा अवधि में छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (संविदा नियुक्ति) नियम 2012 के तहत् अवकाश की पात्रता होगी।
9. संविदा पर नियुक्त व्यक्ति छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 से शासित होंगे।
10. संविदा अवधि के दौरान दोनों पक्षों में से किसी एक पक्ष द्वारा एक माह की पूर्व सूचना या उसके एवज में एक माह का वेतन देकर नियुक्ति समाप्त की जा सकेगी।
11. सेवा समाप्ति पश्चात् संविदा अधिकारी/कर्मचारी के रूप में दी गई सेवा अवधि हेतु किसी प्रकार की पेंशन, उपादान या मृत्यु लाभ आदि की पात्रता नहीं होगी।
12. शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्थाओं में कार्यरत आवेदक को अपना आवेदन पत्र उचित माध्यम से अनापत्ति प्रमाण पत्र सहित प्रस्तुत करना होगा।
13. ऐसे आवेदक जिन्हें अनियमितता के आधार पर महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजनांतर्गत किसी भी पद से पृथक किया गया अथवा उनकी संविदा वृद्वि नहीं की गई है, वे चयन के लिए पात्र नहीं होंगे। गलत जानकारी दिए जाने पर उम्मीदवारी निरस्त मानी जाएगी।
14. आवेदक किसी भी शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था व कार्यालय में पदस्थ है तो वे अपने कार्यालय प्रमुख से हस्ताक्षरित निष्ठा प्रमाण पत्र प्रस्तुत करेंगे कि उनके विरूद्व किसी भी प्रकार की शिकायत/घटना/गबन हेतु विभागीय जांच संस्थित नहीं है। उक्त प्रमाण पत्र आवेदन पत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा अन्यथा आवेदन को अपूर्ण मानते हुए निरस्त कर दिया जाएगा। प्रमाण पत्र का प्रारूप वेबसाईट में अवलोकन किया जा सकता है। उक्त प्रमाण पत्र विज्ञापन प्रकाशन तिथि से दिनांक 27.06.2019 तक का ही मान्य होगा।
15. आवेदन करने की अंतिम तिथि के पश्चात् किसी भी अभ्यर्थी का पृथक से दस्तावेज संलग्न नहीं किया जाएगा।
16. अपूर्ण/अस्पष्ट एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्र निरस्त कर दिया जाएगा एवं कोई सूचना नहीं दी जाएगी।
17. आवेदक जिनकी दो से अधिक संतान हैं, जिनमें से एक का जन्म 26 जनवरी 2001 को या उसके पश्चात् हुआ हो, नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा। दूसरे संतान का जन्म यदि उक्त तिथि के पश्चात् हो और वह जुड़वां हो तो उक्त शर्त के लिए वह आवेदक बंधनकारी नहीं होगा।
18. नियुक्ति के संबंध में जिला कार्यक्रम समन्वयक/कलेक्टर का निर्णय अंतिम एवं बंधनकारी होगा।
19. आवेदन पत्र का विस्तृत प्रारूप जिले के वेबसाईट **www.narayanpur.gov.in** एवं राज्य के वेबसाईट **www.cgstate.gov.in** अथवा जिला पंचायत के सूचना पटल पर अवलोकन किया जा सकता है।

(कलेक्टर महोदय द्वारा अनुमोदित)

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जिला पंचायत नारायणपुर

ddrive/sameer/faridi/2019

–::निष्ठा प्रमाण पत्र::–

प्रमाणित किया जाता है कि श्री .....

पिता श्री ..... जन्म तिथि..... जाति.....आयु .....

कार्यालय .....में दिनांक .....से .....तक पदनाम .

.....के पद में पदस्थ है। इनके विरूद्व इस कार्यालय में किसी भी प्रकार की शिकायत/घटना/गबन हेतु विभागीय जांच संस्थित नहीं है।

उपरोक्त जानकारी गलत पाए जाने पर संपूर्ण जवाबदारी कार्यालय प्रमुख की होगी।

दिनांक –

कार्यालय प्रमुख के हस्ताक्षर

आवेदन पत्र का प्रारूप

आवेदित पद का नाम .....

प्रति,

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जिला पंचायत नारायणपुर

1. आवेदक का नाम (हिन्दी में) : .....
   (अंग्रेजी के कैपिटल लेटर में) : .....
2. पिता/पति का नाम (हिन्दी में) : .....
   (अंग्रेजी के कैपिटल लेटर में) : .....
3. लिंग : .....
4. जन्म तिथि (अंको में) : .....
   (शब्दों में) : .....
5. दिनांक 01.01.2019 को आयु : वर्ष .....माह .....दिन.....
6. पत्र व्यवहार का पता : .....
   : .....
   : .....पिन कोड .....
7. स्थायी पता : .....
   : .....
   : .....पिन कोड .....
8. क्या आप द.ग. के मूल निवासी है (हां/नहीं) : .....
   (सक्षम प्रधिकारी का प्रमाण पत्र संलग्न)
9. वर्ग (अजा/अजजा/अन्य पिछड़ा) : .....
10. क्या आप निःशक्त है ? : .....
11. यदि हां तो निःशक्ता का प्रतिशत : .....
    एवं निःशक्तता का प्रकार : .....
12. (अस्थि/श्रवण/दृष्टि) (मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी प्रमाण पत्र) : .....

कमशः .....

(13) शैक्षणिक योग्यता :–

निम्नांकित स्व प्रमाणित प्रमाण पत्र संलग्न करें :–

क्र.	परीक्षा का नाम	परीक्षा में सम्मिलित विषय/विषय का नाम	परीक्षा उत्तीर्ण करने का वर्ष	बोर्ड/विश्व विद्यालय का नाम	पूर्णांक	प्राप्तांक	प्रतिशत
1	हाई स्कूल						
2	हायर सेकेण्डरी						
3	स्नातक						
4	स्नातकोत्तर						
5	कम्प्यूटर संबंधी प्रमाण पत्र						
6	अन्य योग्यता						

(14) शासकीय ग्रामीण विकास योजनाओं में कम से कम समान वेतनमान पर कार्य अनुभव (प्रमाण पत्र) संलग्न करें।

पद का नाम	कार्यालय का नाम एवं पता	कार्यरत अवधि	वेतनमान एवं संविदा वेतन	नियोक्ता से अनापत्ति प्रमाण पत्र का क्रमांक एवं दिनांक
		दिनांक ..... से दिनांक ..... तक कुल वर्ष ..... माह		

क्रमशः....

(15) क्या आवेदक को पूर्व में अनियमितता के आधार पर पद से पृथक किया गया है अथवा उनकी संविदा सेवा वृद्धि नही की गयी है, यदि हाँ तो जानकारी देवें :.....
.....

(16) वैवाहिक स्थिति (विवाहित/अविवाहित) : .....

- पति/पत्नि का नाम : .....
- पति/पत्नि की जन्म तिथि : .....
- विवाह की तिथि : .....
- बच्चों की संख्या : .....

1. नाम ..... जन्म तिथि .....
2. नाम ..... जन्म तिथि .....
3. नाम ..... जन्म तिथि .....

(17) सहपत्र :– स्व–प्रमाणित पत्रों की सूची विवरण सहित (निम्नांकित क्रम में संलग्न किये जाये)

(1) हाई स्कूल	(2) हायर सेकेण्डरी
(3) स्नातक	(4) स्नातकोत्तर
(5) कम्प्युटर संबंधी प्रमाण पत्र	(6) अनुभव प्रमाण पत्र
(7) निशक्तता प्रमाण पत्र	(8) स्थायी जाति प्रमाण पत्र
(9) जाति सत्यापन प्रमाण पत्र/शपथ पत्र	(10) मूल निवास प्रमाण पत्र
(11) अन्य योग्यता का प्रमाण पत्र	

आवेदक के हस्ताक्षर

घोषणा पत्र

मैं एतद् द्वारा घोषणा करता/करती हूं, कि उपरोक्त आवेदन (बायोडाटा) में दी गई सम्पूर्ण जानकारी सत्य एवं सही है। मैं सहमति देता हूं कि किसी भी प्रकार की गलती या गलत जानकारी के कारण मुझे चयन से वंचित किया जा सकता है एवं मेरे विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जा सकती है। मुझे ..... के पद पर नियुक्ति की पात्रता है। जिसे आवश्यकता होने पर प्रमाणित करने के सम्पूर्ण जिम्मेदारी मेरी है।

स्थान :.....

आवेदक का हस्ताक्षर

दिनांक:.....

पूरा नामः .....